नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.02.2021

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार स्वच्छता सेवा एवं समाधान के उददेश्य के साथ आज दिनांक 15.02.2021 को मो0 गदियाना एवं बक्सरियॉ में चलाया गया वॉक–टॉक एण्ड रिजॅाल्व कार्यक्रम।

1– जन समस्याओ को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने तथा नगर निगम की सेवाओ को जनता के घर पर उपलब्ध कराने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे वॉक–टॉक एवं रिजाल्व कार्यक्रम आज दिनांक 15.02.2021 दिन सोमवार को प्रातः 9.00 बजे से 1.00 बजे तक चलाया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम के समस्त विभागो से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित समस्याओ का तत्काल समाधान किया गया। जोन–1 के मो0 गदियाना में उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी गौतम, राजस्व निरीक्षक श्री अश्वनी अवस्थी,सफाई एवं खादय निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई नायक रमेश एवं प्रकाश विभाग की टीम उपस्थित रही। टीम द्वारा पूरे मोहल्ले में भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मौके पर ज्ञात पेयजल,प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई के सम्बन्ध में प्राप्त 08 प्रकरणो में से 05 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराये जाने निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है कि जो समस्या तत्काल निस्तारित की जा सकती है,उसे अनिवार्य रूप से उसी दिन निस्तारित करायी जाये तथा मॉग से सम्बन्धित बिन्दुओ को संकलित कर अग्रतेर कार्यवाही हेतु अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये इसे सफल बनाये जाने के लिये नगर वासियो से अपील की गई। इस मौके पर स्वच्छता प्रभारी श्री अल्पना श्रीवास्तव उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्रवासियो से अपील की गई कि क्षेत्र को साफ–सुथरा बनाये रखे। स्थानीय नागरिको ने इस अभियान की प्रशंसा की एवं इसे नगरवासियो के हित में अच्छी पहल बताया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में सिटीजन फीडबैक देने हेतु जन सामान्य की भागीदारी बढ़ाने हेतु कार्यक्रम में कैनौपी लगाकर नागरिको को जागरूक किया गया एवं नगर निगम,शाहजहॉपुर को देश में स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में प्रथम पर लाने के लिये लोगो से अपील की गई।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर